"बिजनेस पोस्ट के अन्तर्गत डाक शुल्क के नगद भुगतान (बिना डाक टिकट) के प्रेषण हेतु अनुमत. क्रमांक जी. 2-22-छत्तीसगढ़ गजट/38 सि. से. भिलाई, दिनांक 30-5-2001."

पंजीयन क्रमांक
"छत्तीसगढ़/दुर्ग/09/2012-2015."

छत्तीसगढ़ राजपत्र

प्राधिकार से प्रकाशित

क्रमांक 14] रायपुर, शुक्रवार, दिनांक 5 अप्रैल 2013—चैत्र 15, शक 1935

विषय—सूची

भाग १

राज्य शासन के आदेश

सामान्य प्रशासन विभाग
मंत्रालय, महानदी भवन, नया रायपुर

नया रायपुर, दिनांक 13 मार्च 2013

क्रमांक एफ 9-3/2013/1/5.—राज्य सरकार, एतद्द्वारा, कैपिटल काम्प्लेक्स, नया रायपुर में स्थित नवनिर्मित मंत्रालय भवन का नाम "महानदी भवन" घोषित करती है. तद्नुसार नवनिर्मित मंत्रालय भवन के संबंध में "महानदी भवन" नाम का उपयोग समस्त शासकीय पत्राचार में किया जाये.

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
बी. एल. अग्रवाल, सचिव.

संचालक, मुद्रण तथा लेखन सामग्री, छत्तीसगढ़ द्वारा शासकीय क्षेत्रीय मुद्रणालय, राजनांदगांव से मुद्रित तथा प्रकाशित—2013.

तकनीकी शिक्षा, जनशक्ति नियोजन, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग
मंत्रालय, महानदी भवन, नया रायपुर

नया रायपुर, दिनांक 21 मार्च 2013

क्रमांक एफ 1–74/2011/जन.नि./42.—भारत के संविधान के अनुच्छेद 309 के परन्तुक द्वारा प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए, छत्तीसगढ़ के राज्यपाल, एतद्द्वारा, छत्तीसगढ़ औद्योगिक प्रशिक्षण (राजपत्रित) सेवा में भर्ती से संबंधित निम्नलिखित नियम बनाते हैं, अर्थात्:—

नियम

1. **संक्षिप्त नाम तथा प्रारंभ.**— (1) ये नियम छत्तीसगढ़ औद्योगिक प्रशिक्षण (राजपत्रित) सेवा (भर्ती तथा सेवा की शर्तें) नियम, 2013 कहलाएंगे।

   (2) ये राजपत्र में इनके प्रकाशन की तारीख से प्रवृत्त होंगे।

2. **परिभाषाएं.**— इन नियमों में, जब तक कि संदर्भ से अन्यथा अपेक्षित न हो,—

   (क) सेवा के संबंध में "नियुक्ति प्राधिकारी" से अभिप्रेत है, छत्तीसगढ़ शासन;

   (ख) "आयोग" से अभिप्रेत है, छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग;

   (ग) "समिति" से अभिप्रेत है, अनुसूची—चार में यथा विनिर्दिष्ट विभागीय पदोन्नति समिति;

   (घ) "संचालक" से अभिप्रेत है, संचालक, संचालनालय, रोजगार एवं प्रशिक्षण, छत्तीसगढ़;

   (ड.) "परीक्षा" से अभिप्रेत है, इन नियमों के नियम 11 के अन्तर्गत भर्ती के लिए आयोजित प्रतियोगी परीक्षा;

   (च) "शासन" से अभिप्रेत है, छत्तीसगढ़ शासन;

   (छ) "राज्यपाल" से अभिप्रेत है, छत्तीसगढ़ के राज्यपाल;

   (ज) "अन्य पिछड़े वर्ग" से अभिप्रेत है, राज्य सरकार द्वारा समय—समय पर यथा संशोधित, समसंख्यक अधिसूचना क्रमांक एफ—8—5—पच्चीस—4—84, दिनांक 26 दिसम्बर, 1984 द्वारा यथा विनिर्दिष्ट नागरिकों के अन्य पिछड़े वर्ग;

   (झ) "अनुसूची" से अभिप्रेत है, इन नियमों से संलग्न अनुसूची;

   (ञ) "अनुसूचित जाति" से अभिप्रेत है, भारत के संविधान के अनुच्छेद 341 के अधीन इस राज्य के संबंध में यथा विनिर्दिष्ट अनुसूचित जाति;

   (ट) "अनुसूचित जनजाति" से अभिप्रेत है, भारत के संविधान के अनुच्छेद 342 के अधीन इस राज्य के संबंध में यथा विनिर्दिष्ट अनुसूचित जनजाति;

   (ठ) "सेवा" से अभिप्रेत है, छत्तीसगढ़ औद्योगिक प्रशिक्षण (राजपत्रित) सेवा;

   (ड) "राज्य" से अभिप्रेत है, छत्तीसगढ़ राज्य।

3. **विस्तार तथा लागू होना.**– छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (सेवा की सामान्य शर्तें) नियम, 1961 में अंतर्विष्ट उपबंधों की व्यापकता पर प्रतिकूल प्रभाव डाले बिना, ये नियम सेवा के प्रत्येक सदस्य पर लागू होंगे।

4. **सेवा का गठन.**– सेवा में निम्नलिखित व्यक्ति सम्मिलित होंगे, अर्थात् :–

(1) वे व्यक्ति, जो इन नियमों के प्रारंभ होने के समय, अनूसूची–एक में विनिर्दिष्ट पदों को मूल रूप से धारण कर रहे हों;

(2) वे व्यक्ति, जो इन नियमों के प्रारंभ होने के पूर्व सेवा में भर्ती किए गये हों; और

(3) वे व्यक्ति, जो इन नियमों के उपबंधों के अनुसार सेवा में भर्ती किए गये हों।

5. **वर्गीकरण, वेतनमान इत्यादि.**– सेवा का वर्गीकरण, सेवा में सम्मिलित पदों की संख्या और उससे संलग्न वेतनमान, अनुसूची–एक में अंतर्विष्ट उपबंधों के अनुसार होगा:

परन्तु शासन, सेवा में सम्मिलित पदों की संख्या तथा वेतनमान में, समय–समय पर, या तो स्थायी या अस्थायी आधार पर वृद्धि या कमी कर सकेगा।

6. **भर्ती का तरीका.**– (1) इन नियमों के प्रारंभ होने के पश्चात्, सेवा में भर्ती निम्नलिखित तरीकों से की जाएगी, अर्थात्:–

(क) सीधी भर्ती द्वारा अथवा चयन द्वारा (प्रतियोगी परीक्षा/साक्षात्कार);

(ख) अनुसूची–चार में यथाविनिर्दिष्ट सेवा के सदस्यों की पदोन्नति के द्वारा;

(ग) ऐसे व्यक्तियों के स्थानांतरण द्वारा, जो ऐसी सेवाओं में ऐसे पदों को, जैसा कि इस निमित्त विनिर्दिष्ट किया जाये, मूल रूप में धारण करते हों ।

(2) उप–नियम (1) के खण्ड (क), (ख) या (ग) के अधीन भर्ती किए गये व्यक्तियों की संख्या, अनुसूची–एक में यथाविनिर्दिष्ट कर्तव्य पदों की संख्या के, अनुसूची–दो में दर्शाए गए प्रतिशत से किसी भी समय अधिक नहीं होगी।

(3) इन नियमों के उपबंधों के अध्यधीन रहते हुए, भर्ती की किसी विशिष्ट कालावधि के दौरान भरे जाने के लिए अपेक्षित सेवा में किसी विशिष्ट रिक्ति या रिक्तियों को भरे जाने के प्रयोजन के लिये अपनाया जाने वाला भर्ती का तरीका या तरीके तथा ऐसे तरीके द्वारा भर्ती किये जाने वाले व्यक्तियों की संख्या, प्रत्येक अवसर पर शासन द्वारा आयोग के परामर्श से अवधारित की जाएगी।

(4) उप–नियम (1) में अंतर्विष्ट किसी बात के होते हुए भी, यदि शासन की राय में, सेवा की अत्यावश्यकताओं को देखते हुए ऐसा करना अपेक्षित हो, तो शासन, आयोग के परामर्श के पश्चात् सेवा में भर्ती के उन तरीकों को छोड़कर, जिन्हें उक्त उप–नियम में विनिर्दिष्ट किया गया है, ऐसे अन्य तरीके अपना सकेगा, जो शासन द्वारा इस निमित्त जारी किए गये आदेश द्वारा विहित किये जाएं।

(5) सेवा में भर्ती के समय, छत्तीसगढ़ लोक सेवा (अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों और अन्य पिछड़े वर्गों के लिये आरक्षण) अधिनियम, 1994 (क्र. 21 सन् 1994) के प्रावधान तथा इस अधिनियम के अधीन शासन के सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा समय–समय पर जारी निर्देश (यथा संशोधित) लागू होंगे।

7. **सेवा में नियुक्ति.**– इन नियमों के प्रारंभ होने के पश्चात्, सेवा में समस्त नियुक्तियाँ, नियुक्ति प्राधिकारी द्वारा की जायेंगी और ऐसी कोई भी नियुक्ति, नियम 6 में विनिर्दिष्ट भर्ती के तरीकों में से किसी एक तरीके द्वारा चयन करने के पश्चात् ही की जाएगी, अन्यथा नहीं।

8. **सीधी भर्ती के लिये पात्रता की शर्तें.**– चयन हेतु पात्र होने के लिए, अभ्यर्थी को निम्नलिखित शर्तें पूरी करनी होंगी, अर्थात्:–

(एक) **आयु**– (क) विज्ञापन के जारी होने की तारीख के ठीक आगामी जनवरी के प्रथम दिन को उसने अनुसूची–तीन के कॉलम (3) में यथा विनिर्दिष्ट आयु पूरी कर ली हो तथा उक्त अनुसूची के कॉलम (4) में यथा विनिर्दिष्ट आयु पूरी न की हो।

(ख) यदि अभ्यर्थी अनुसूचित जातियो, अनुसूचित जनजातियों तथा अन्य पिछड़े वर्गों (गैर–क्रीमिलेयर) का हो, तो उच्चतर आयु सीमा अधिकतम 5 वर्ष तक शिथिलनीय होगी।

(ग) छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (महिलाओं की नियुक्ति के लिये विशेष उपबंध) नियम, 1997 के उपबंधों के अनुसार, महिला अभ्यर्थियों के लिए उच्चतर आयु सीमा 10 वर्ष तक शिथिलनीय होगी।

(घ) उन अभ्यर्थियों के संबंध में भी, जो छत्तीसगढ़ शासन के कर्मचारी हों अथवा रह चुके हों, नीचे विनिर्दिष्ट की गई सीमा तथा शर्तों के अध्यधीन रहते हुए उच्चतर आयु सीमा शिथिलनीय होगी:–

(एक) ऐसा अभ्यर्थी, जो स्थायी या अस्थायी शासकीय सेवक हो, 38 वर्ष से अधिक आयु का नहीं होना चाहिये;

(दो) ऐसा अभ्यर्थी, जो अस्थायी रूप से पद धारण कर रहा हो तथा किसी अन्य पद के लिये आवेदन कर रहा हो, 38 वर्ष से अधिक आयु का नहीं होना चाहिए। यह रियायत, आकस्मिकता निधि से वेतन प्राप्त करने वाले कर्मचारियों, कार्यभारित कर्मचारियों तथा परियोजना कार्यान्वयन समितियों में कार्यरत कर्मचारियों को भी अनुज्ञेय होगी;

(तीन) ऐसा अभ्यर्थी, जो "छंटनी किया गया शासकीय सेवक" हो, उसे अपनी आयु में से उसके द्वारा पूर्व में की गयी संपूर्ण अस्थायी सेवा की

अधिकतम 7 वर्ष तक की कालावधि, भले ही वह कालावधि एक से अधिक बार की गयी सेवाओं का योग हो, कम करने के लिये अनुज्ञात किया जाएगा, परन्तु इसके परिणामस्वरूप जो आयु निकले, वह उच्चतर आयु सीमा से 3 वर्ष से अधिक न हो।

स्पष्टीकरण— शब्द "छंटनी किये गये शासकीय सेवक" से द्योतक है, ऐसा व्यक्ति जो इस राज्य की या किन्हीं भी संघटक इकाइयों की अस्थायी शासकीय सेवा में कम से कम छः मास की कालावधि तक निरंतर रहा हो और जिसे किसी रोजगार कार्यालय में अपना पंजीयन कराने या शासकीय सेवा में नियोजन हेतु अन्यथा आवेदन करने की तारीख से अधिक से अधिक तीन वर्ष पूर्व स्थापना में कमी किये जाने के कारण सेवोन्मुक्त किया गया हो।

(ड.) ऐसा अभ्यर्थी, जो भूतपूर्व सैनिक हो, उसे अपनी आयु में से उसके द्वारा पूर्व में की गई समस्त प्रतिरक्षा सेवा की कालावधि कम करने के लिये अनुज्ञात किया जायेगा, परन्तु इसके परिणामस्वरूप जो आयु निकले, वह उच्चतर आयु सीमा से 3 वर्ष से अधिक न हो।

स्पष्टीकरण — शब्द "भूतपूर्व सैनिक" से द्योतक है, ऐसा व्यक्ति, जो निम्नलिखित प्रवर्गों में से किसी एक प्रवर्ग का हो तथा जो भारत सरकार के अधीन कम से कम छः माह की कालावधि तक निरंतर नियोजित रहा हो तथा जिसकी किसी रोजगार कार्यालय में अपना पंजीयन कराने अथवा शासकीय सेवा में नियोजन हेतु अन्यथा आवेदन करने की तारीख से अधिक से अधिक तीन वर्ष पूर्व मितव्ययिता इकाई की सिफारिशों के परिणामस्वरूप अथवा स्थापना में सामान्य रूप से कमी किये जाने के कारण छंटनी की गई हो:—

(एक) ऐसे भूतपूर्व सैनिक, जिन्हें समय पूर्व सेवानिवृत्ति रियायतों (मस्टरिंग आऊट कन्सेशन) के अधीन निर्मुक्त कर दिया गया हो;

(दो) ऐसे भूतपूर्व सैनिक जिन्हें दुबारा नामांकित किया गया हो, और जिन्हें—

(क) अल्पकालीन वचनबंध अवधि पूर्ण हो जाने पर;

(ख) नामांकन की शर्तें पूर्ण हो जाने पर, सेवोन्मुक्त कर दिया गया हो;

(तीन) ऐसे भूतपूर्व सैनिक (सैनिक तथा असैनिक) जिन्हें उनकी संविदा पूरी होने पर सेवोन्मुक्त किया गया हो, (जिनमें अल्पावधि सेवा के नियमित कमीशन प्राप्त अधिकारी भी शामिल हैं);

(चार) ऐसे भूतपूर्व सैनिक/अधिकारी, जिन्हें अवकाश रिक्तियों पर छः मास से अधिक समय तक निरंतर कार्य करने के पश्चात् सेवोन्मुक्त किया गया हो;

(पांच) ऐसे भूतपूर्व सैनिक, जिन्हें अशक्त होने के कारण सेवा से अलग किया गया हो।

(छः) ऐसे भूतपूर्व सैनिक, जिन्हें इस आधार पर सेवोन्मुक्त किया गया हो कि वे दक्ष सैनिक बनने योग्य नहीं हैं;

(सात) ऐसे भूतपूर्व सैनिक, जिन्हें गोली लग जाने, घाव आदि हो जाने के कारण चिकित्सीय आधार पर सेवा से अलग कर दिया गया हो ।

(च) परिवार कल्याण कार्यक्रम के अधीन ग्रीनकार्ड धारक अभ्यर्थियों के संबंध में भी, उच्चतर आयु सीमा 2 वर्ष तक शिथिलनीय होगी।

(छ) अस्पृश्यता निवारण नियम, 1984 के अधीन अंतर्जातीय विवाह प्रोत्साहन योजना के अनुसार पुरस्कृत दम्पत्तियों के सवर्ण पति/पत्नी के संबंध में उच्चतर आयु सीमा 5 वर्ष तक शिथिलनीय होगी।

(ज) शहीद राजीव पांडे सम्मान, गुण्डाधूर सम्मान, महाराजा प्रवीरचंद्र भंजदेव सम्मान प्राप्त अभ्यर्थियों तथा राष्ट्रीय युवा पुरस्कार प्राप्त युवा अभ्यर्थियों के संबंध में भी सामान्य उच्चतर आयु सीमा 5 वर्ष तक शिथिलनीय होगी।

(झ) ऐसे अभ्यर्थियों के संबंध में, जो छत्तीसगढ़ राज्य निगम/मण्डल के कर्मचारी हैं, उच्चतर आयु सीमा 38 वर्ष की आयु तक शिथिलनीय होगी।

(ञ) स्वयंसेवी नगर सैनिकों तथा नगर सेना के नान कमीशंड अधिकारियों के संबंध में, उनके द्वारा इरा प्रकार की गई नगर सेना सेवा की कालावधि के लिये, उच्चतर आयु सीमा में, 8 वर्ष की सीमा के अध्यधीन रहते हुए छूट दी जायेगी, किन्तु किसी भी दशा में उनकी आयु 38 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए।

टीप– (1) ऐसे अभ्यर्थी, जिन्हें उपरोक्त उप–नियम 8(घ) (एक) तथा (दो) में उल्लिखित आयु संबंधी रियायतों के अधीन परीक्षा/चयन में प्रवेश दिया गया हो, वे यदि आवेदन प्रस्तुत करने के पश्चात्, या तो परीक्षा/चयन के पूर्व या उसके पश्चात् सेवा से त्यागपत्र दे देते हैं, तो वे नियुक्ति हेतु पात्र नहीं होंगे। तथापि, यदि आवेदन

पत्र भेजने के पश्चात् सेवा या पद से उनकी छंटनी कर दी जाती हो, तो वे पात्र बने रहेंगे।

(2) किसी भी अन्य मामले में ये आयु सीमाएं शिथिल नहीं की जायेंगी। विभागीय अभ्यर्थियों को चयन हेतु उपस्थित होने के लिए, नियुक्ति प्राधिकारी की पूर्व अनुमति अभिप्राप्त करनी होगी।

(ट) उपरोक्त एक या एक से अधिक संवर्ग के आधार पर छूट दिये जाने के उपरांत, शासकीय सेवा में प्रवेश हेतु अधिकतम आयु सीमा 45 वर्ष से अधिक नहीं होगी।

(ठ) उपरोक्त के अतिरिक्त आयु सीमा के संबंध में, शासन के सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा समय–समय पर जारी निर्देश भी लागू होंगे।

(दो) **शैक्षणिक अर्हताएं**– अभ्यर्थी के पास सेवा के लिये विहित ऐसी शैक्षणिक अर्हताएं होना चाहिए, जैसी कि अनुसूची–तीन में दर्शित हैं।

(तीन) **फीस**–अभ्यर्थी को आयोग द्वारा विहित फीस का भुगतान करना होगा।

9. **निरर्हता**.– (1) अभ्यर्थी की ओर से अपनी अभ्यर्थिता के लिए किन्हीं भी साधनों से समर्थन अभिप्राप्त करने के किसी भी प्रयास को, आयोग द्वारा उसे परीक्षा/चयन में उपस्थित होने के लिये निरर्हित माना जा सकेगा।

(2) कोई भी पुरूष अभ्यर्थी, जिसकी एक से अधिक पत्नियां जीवित हों और कोई भी महिला अभ्यर्थी जिसने ऐसे व्यक्ति से विवाह किया हो, जिसकी पहले से ही एक पत्नी जीवित हो, किसी सेवा या पद में नियुक्ति हेतु पात्र नहीं होगाः

परन्तु यदि शासन का इस बात से समाधान हो जाए, कि ऐसा करने के विशेष कारण हैं, तो वह ऐसे कर्मचारियों को इस नियम के प्रवर्तन से छूट दे सकेगा।

(3) कोई भी अभ्यर्थी सेवा या पद पर तब तक नियुक्त नहीं किया जायेगा, जब तक उसे ऐसी स्वास्थ्य परीक्षा के पश्चात्, जो विहित की जाये, मानसिक और शारीरिक रूप से स्वस्थ और सेवा या पद के कर्तव्य के पालन में बाधा डाल सकने वाले किसी मानसिक या शारीरिक दोष से मुक्त न पाया जायेः

परन्तु अपवादित मामलों में, किसी अभ्यर्थी को उसकी स्वास्थ्य परीक्षा के पूर्व किसी सेवा या पद पर इस शर्त के अध्यधीन अस्थाई रूप से नियुक्त किया जा सकेगा, कि यदि उसे स्वास्थ्य की दृष्टि से अयोग्य पाया गया, तो उसकी सेवायें तत्काल समाप्त की जा सकेंगी।

(4) किसी भी अभ्यर्थी का सेवा या पद पर नियुक्ति के लिये विचार नहीं किया जायेगा, यदि ऐसी जांच के पश्चात्, जैसी कि आवश्यक समझी जाए, नियुक्ति प्राधिकारी का इस बात से समाधान हो जाये कि वह सेवा या पद के लिये किसी दृष्टि से उपयुक्त नहीं है।

(5) कोई भी अभ्यर्थी, जिसे महिलाओं के विरूद्ध किसी अपराध का सिद्धदोष ठहराया गया हो, किसी सेवा या पद हेतु पात्र नहीं होगाः

परन्तु जहाँ तक किसी अभ्यर्थी के विरूद्ध न्यायालय में ऐसे मामले लंबित हों, तो उसकी नियुक्ति का मामला आपराधिक मामले का अंतिम विनिश्चय होने तक लंबित रखा जायेगा।

(6) कोई भी अभ्यर्थी, जिसने विवाह के लिये नियत की गई न्यूनतम आयु से पूर्व विवाह कर लिया हो, किसी सेवा या पद हेतु पात्र नहीं होगा।

(7) कोई भी अभ्यर्थी, जिसकी दो से अधिक जीवित संतान हैं, जिनमें से एक का जन्म 26 जनवरी, 2001 को या उसके पश्चात् हुआ हो, किसी सेवा या पद हेतु पात्र नहीं होगाः

परन्तु कोई भी अभ्यर्थी, जिसकी पहले से एक जीवित संतान हो तथा आगामी प्रसव 26 जनवरी, 2001 को या उसके पश्चात् हो, जिसमें दो या दो से अधिक संतान का जन्म होता है, किसी सेवा या पद के लिये निरर्हित नहीं होगा।

10. **अभ्यर्थियों की पात्रता के संबंध में आयोग का विनिश्चय अंतिम होगा.**– (1) चयन हेतु अभ्यर्थी की पात्रता या अन्यथा के संबंध में, आयोग का विनिश्चय अंतिम होगा और कोई भी अभ्यर्थी, जिसे आयोग द्वारा परीक्षा/साक्षात्कार हेतु, प्रवेश प्रमाणपत्र जारी नहीं किया गया है, परीक्षा या साक्षात्कार में उपस्थित होने की अनुमति नहीं दी जायेगी।

(2) चयन प्रक्रिया के किसी भी प्रक्रम पर अथवा शासन को चयन सूची भेजने के बाद, यदि आयोग के संज्ञान में यह आता है कि अभ्यर्थी ने असत्य जानकारी दी है या उसके द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों में कोई विसंगति पायी जाती है, तो उसे निरर्हित ठहराया जा सकेगा तथा उसका चयन/नियुक्ति आयोग द्वारा निरस्त की जा सकेगी।

11. **चयन/प्रतियोगिता परीक्षा/साक्षात्कार द्वारा सीधी भर्ती.**– (1) सेवा में भर्ती के लिये चयन ऐसे अंतरालों पर किया जायेगा, जैसा कि शासन, आयोग के परामर्श से, समय–समय पर अवधारित करे।

(2) आयोग द्वारा प्रतियोगिता परीक्षा ऐसे पाठ्यक्रम, परीक्षा योजना एवं निर्देशों के अनुसार ली जायेगी, जैसा कि शासन, आयोग के परामर्श से, समय–समय पर जारी करे।

(3) सेवा के लिये अभ्यर्थियों का चयन ऐसी रीति से किया जायेगा, जैसा कि आयोग द्वारा अवधारित किया जाये।

(4) सेवा में भर्ती के समय छत्तीसगढ़ लोक सेवा (अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों और अन्य पिछड़े वर्गों के लिये आरक्षण) अधिनियम, 1994 (क्र. 21 सन् 1994) के प्रावधान तथा शासन के सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा इस अधिनियम के अधीन समय–समय पर जारी निर्देश लागू होंगे।

(5) छत्तीसगढ़ लोक सेवा (महिलाओं की नियुक्ति के लिए विशेष उपबंध) नियम, 1997 के उपबंधों के अनुसार, 30 प्रतिशत पद महिला अभ्यर्थियों के लिये आरक्षित रखे जाएंगे। आरक्षण समस्तर एवं प्रभागवार होगा।

(6) उपरोक्त के अतिरिक्त, विकलांग/भूतपूर्व सैनिकों के लिये अधिनियम/नियम/आदेश/समय–समय पर शासन द्वारा जारी किये गये निर्देश के अनुसार पद आरक्षित रखे जायेंगे।

(7) इस प्रकार आरक्षित रिक्तियों को भरते समय, ऐसे अभ्यर्थी जो अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों और अन्य पिछड़े वर्गों (गैर–क्रिमीलियर) के सदस्य हैं, की नियुक्ति के लिए उसी क्रम में विचार किया जायेगा, जिस क्रम में उनके नाम नियम 12 में निर्दिष्ट सूची में आये हों, चाहे अन्य अभ्यर्थियों की तुलना में उनका सापेक्षिक रैंक कुछ भी क्यों न हो।

(8) उपर्युक्त के अतिरिक्त, अभ्यर्थियों, जो महिला/विकलांग/भूतपूर्व सैनिक हैं तथा जिन्हें आरक्षण के फलस्वरूप चयनित किया गया हो, की नियुक्ति पर भी विचार उसी क्रम में किया जायेगा, जिस क्रम में उनके नाम नियम 12 में निर्दिष्ट सूची में आये हों चाहे अन्य अभ्यर्थियों की तुलना में उनका सापेक्षिक रैंक कुछ भी क्यों न हो।

(9) अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों और अन्य पिछड़े वर्गों (गैर–क्रिमीलेयर) से संबंधित उन अभ्यर्थियों को, जिन्हें उनकी प्रशासनिक दक्षता को ध्यान में रखते हुए नियुक्ति के लिये आयोग द्वारा पात्र घोषित किया गया हो, उप–नियम (7) के अनुसार अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों और अन्य पिछड़े वर्गों (गैर–क्रिमीलेयर) यथास्थिति, के अभ्यर्थियों के लिए आरक्षित रिक्तियों पर नियुक्त किया जा सकेगा।

(10) ऐसे मामलों में, जहाँ सीधी भर्ती द्वारा भरे जाने वाले पदों के लिये कुछ कालावधि का अनुभव आवश्यक शर्त के रूप में विहित किया गया है और शासन की राय में यह पाया जाये कि अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों और अन्य पिछड़े वर्गों (गैर–क्रिमीलेयर) से संबंधित अभ्यर्थियों के पर्याप्त संख्या में उपलब्ध होने की संभावना नहीं है, तो सक्षम प्राधिकारी, अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों और अन्य पिछड़े वर्गों (गैर– क्रिमीलेयर) के अभ्यर्थियों के बारे में अनुभव की शर्त को शिथिल कर सकेगा।

12. **आयोग द्वारा चयनित अभ्यर्थियों की सूची.**– (1) आयोग, उन अभ्यर्थियों की योग्यता के क्रम में व्यवस्थित एक सूची, जो ऐसे स्तर से अर्हित हों तथा अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों और अन्य पिछड़े वर्गों (गैर–क्रिमीलेयर) से संबंधित उन अभ्यर्थियों की एक सूची, जो यद्यपि उस स्तर से अर्हित नहीं है, किन्तु प्रशासन में दक्षता बनाये रखने का सम्यक् ध्यान रखते हुए सेवा में नियुक्ति के लिए आयोग द्वारा उपयुक्त घोषित किये गये हैं तथा महिला, विकलांग/भूतपूर्व सैनिक से संबंधित प्रत्येक प्रवर्ग के अभ्यर्थियों की सूची, जो आरक्षण के फलस्वरूप ऐसे स्तर से अर्हित हों,

मेरिट कम में तैयार करेगा, जिनकी नियुक्ति के लिये वैधता शासन को सूची के भेजे जाने की तारीख से एक वर्ष के लिये होगी।

(2) उप–नियम (1) के अधीन इस प्रकार तैयार की गई सूची सर्वसाधारण की जानकारी के लिये आयोग की वेबसाइट पर अधिसूचित की जायेगी।

(3) आयोग द्वारा रिक्त पदों की पूर्ति के लिये प्रत्येक प्रवर्ग हेतु एक चयन सूची बनाई जायेगी, ऐसे प्रवर्गों के लिये एक प्रतीक्षा सूची भी बनाई जायेगी, जिसमें न्यूनतम एक नाम तथा रिक्त पदों के अधिकतम 25 प्रतिशत तक नाम होंगे। सूची की वैधता, ऐसी चयन सूची के जारी किये जाने की तारीख से डेढ़ वर्ष होगी।

स्पष्टीकरण– प्रत्येक प्रवर्ग में रिक्त पदों के 25% आंकलन के लिये, इसे पूर्णांक में लाने हेतु, पाइंट को अगले पूर्णांक तक बढ़ा दिया जायेगा।

(4) आयोग उप–नियम (1) के अधीन तैयार की गई चयन सूची, शासन को नियुक्ति के संबंध में अग्रिम कार्यवाही हेतु अग्रेषित करेगा।

(5) इस नियम तथा छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (सेवा की सामान्य शर्तें) नियम, 1961 के उपबंधों के अध्यधीन रहते हुए, उपलब्ध रिक्तियों पर अभ्यर्थियों की नियुक्ति के लिये उसी क्रम में विचार किया जायेगा, जिस क्रम में उनके नाम सूची में आय हों।

(6) सूची में किसी अभ्यर्थी का नाम सम्मिलित किये जाने से ही उसे नियुक्ति का कोई अधिकार तब तक प्राप्त नहीं हो जाता, जब तक कि शासन का, ऐसी जांच करने के पश्चात्, जैसी कि वह आवश्यक समझे, यह समाधान न हो जाये, कि अभ्यर्थी सेवा में नियुक्ति के लिये सभी प्रकार से उपयुक्त है।

(7) कोई अभ्यर्थी, जिसका नाम चयन सूची में सम्मिलित हो, वैधता अवधि में उपस्थिति दर्ज न कराने या त्यागपत्र देने या किन्हीं कारणों से योग्य न पाये जाने या वैधता अवधि के दौरान चयनित अभ्यर्थी की मृत्यु हो जाने पर, आयोग द्वारा प्रतीक्षा सूची से अभ्यर्थियों के नाम नियुक्ति हेतु अनुशंसित किये जा सकेंगे।

(8) यदि शासन से प्रतीक्षा सूची से अभ्यर्थियों के नाम भेजे जाने के लिये अनुरोध प्राप्त होता है, तो आयोग उपर्युक्त प्रावधानों के अनुसार प्रतीक्षा सूची से नाम अनुशंसित करेगा तथा इसे शासन को भेजेगा।

(9) आयोग, शासन से प्रस्ताव प्राप्त होने के पश्चात्, चयन सूची की वैधता अवधि में शासन को उसका युक्तियुक्त कारण दर्शाते हुए अधिकतम 6 माह की वृद्धि कर सकेगा।

(10) चयन सूची की वैधता अवधि में 6 माह की वृद्धि होने पर, प्रतीक्षा सूची की वैधता अवधि में 6 माह की स्वाभाविक वृद्धि हो जाना माना जायेगा।

(11) उप–नियम (8) एवं (9) के अन्तर्गत तैयार की गई चयन सूची की वैधता में, आयोग द्वारा तब तक कोई वृद्धि नहीं की जायेगी, जब तक शासन ने वृद्धि हेतु युक्तियुक्त कारण दर्शाते हुए कोई सिफारिश न की हो।

13. **परिवीक्षा.**– (1) सेवा में सीधी भर्ती किया गया प्रत्येक व्यक्ति, दो वर्षों की कालावधि के लिये परिवीक्षा पर नियुक्त किया जायेगा तथा यदि उसका कार्य असंतोषजनक पाया जाता है, तो नियुक्ति प्राधिकारी द्वारा परिवीक्षा की कालावधि में अधिकतम एक वर्ष तक की वृद्धि की जा सकेगी।

(2) परिवीक्षा की कालावधि या बढ़ाई गई कालावधि के दौरान या परिवीक्षा की कालावधि के अन्त में, यदि नियुक्ति प्राधिकारी की राय में कोई विशेष अभ्यर्थी अधिकारी बनने हेतु उपयुक्त नहीं है, तो ऐसे परिवीक्षाधीन की सेवायें समाप्त की जा सकेंगी।

14. **पदोन्नति द्वारा नियुक्ति.**– (1) पात्र अभ्यर्थियों की पदोन्नति हेतु प्रारंभिक चयन करने के लिये, अनुसूची–चार में उल्लिखित सदस्यों को मिलाकर एक समिति गठित की जायेगी:

परंतु इस उप–नियम के अधीन, समिति के गठन के प्रयोजन के लिये, छत्तीसगढ़ लोक सेवा (अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों और अन्य पिछड़े वर्गों के लिये आरक्षण) अधिनियम, 1994 (क्र. 21 सन् 1994) की धारा 8 के उपबंध भी लागू होंगे।

(2) समिति की बैठक ऐसे अंतरालों में होगी, जो साधारणतः एक वर्ष से अनधिक हो।

(3) प्रत्येक पदोन्नति छत्तीसगढ़ लोक सेवा (पदोन्नति) नियम, 2003 के उपबंधों के अनुसार तथा मॉडल रोस्टर के अनुसार की जायेगी।

(4) आरक्षित रिक्तियों में पदोन्नति करने हेतु प्रक्रिया, उप–नियम (3) में उल्लिखित उपबंधों तथा शासन के सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा समय–समय पर जारी निर्देशों के अनुसार होगी।

(5) नियुक्ति प्राधिकारी द्वारा प्रमाणन– नियुक्ति प्राधिकारी, उसके द्वारा जारी किये जाने वाले पदोन्नति आदेश पर इस आशय के प्रमाणपत्र का पृष्ठांकन करेगा कि उसने छत्तीसगढ़ लोक सेवा (अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों और अन्य पिछड़े वर्गों के लिये आरक्षण) अधिनियम, 1994 (क्र. 21 सन् 1994) तथा छत्तीसगढ़ लोक सेवा (पदोन्नति) नियम, 2003 के उपबंधों तथा उक्त अधिनियम के उपबंधों के प्रकाश में जारी निर्देशों तथा राज्य शासन द्वारा बनाये गये नियमों का पालन कर लिया है और उसे उक्त अधिनियम की धारा 6 की उप–धारा (1) के उपबंधों का पूर्ण रूप से संज्ञान है।

15. **पदोन्नति के लिये पात्रता संबंधी शर्तें.**– (1) उप–नियम (2) के उपबंधों के अध्यधीन रहते हुए, समिति उन समस्त व्यक्तियों के मामलों पर विचार करेगी, जिन्होंने उस वर्ष की जनवरी के प्रथम दिन को, उन पदों में जिनसे पदोन्नति की जानी है या शासन द्वारा उनके समतुल्य घोषित किन्हीं

अन्य पद या पदों पर (चाहे मूल रूप में या स्थानापन्न रूप में) उतने वर्षों की सेवा, जैसा कि अनुसूची–चार के कॉलम (4) में यथाविनिर्दिष्ट है, पूर्ण कर ली हो और जो उप–नियम (2) के उपबंधों के अनुसार विचारण क्षेत्र के भीतर आते हों।

स्पष्टीकरण– (1) पदोन्नति के लिये पात्रता हेतु संगणना की रीति– संबंधित वर्ष जिसमें विभागीय पदोन्नति समिति/छानबीन समिति आहूत की जानी है, की प्रथम जनवरी को अर्हकारी सेवा की कालावधि की गणना, उस कैलेण्डर वर्ष से की जायेगी, जिसमें लोक सेवक फीडर संवर्ग/सेवा के भाग/पद के वेतनमान में आया हो और फीडर संवर्ग/सेवा के भाग/पद के वेतनमान में आने की तारीख से नहीं।

(2) (एक) ऐसे मामलों में, जहां पदोन्नति वरिष्ठता–सह–उपयुक्ता के आधार पर की जानी हो अथवा अनुपयुक्त अभ्यर्थी को छोड़कर वरिष्ठता के आधार पर की जानी हो, वहां सभी वर्गों के लिये विचारण हेतु कोई आधार नहीं होगा। केवल लोक सेवकों की ऐसी संख्या के प्रस्तावों पर वरिष्ठता के अनुसार विचार किया जायेगा, जो प्रत्येक प्रवर्ग में विद्यमान पदों तथा 1 वर्ष के दौरान सेवानिवृत्ति/पदोन्नति के कारण प्रत्याशित रिक्त पदों की संख्या को भरने के लिये पर्याप्त होगी।

(दो) ऐसे मामलों में, जहां पदोन्नति योग्यता–सह–वरिष्ठता के आधार प की जानी हो, वहां विचारण हेतु क्षेत्र कुल रिक्त पदों के दो गुने से चार अधि होगा। यदि विचारण क्षेत्र में अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जनजातियों लोक सेवक पदोन्नति के लिए पर्याप्त संख्या में उपलब्ध न हों, तो कुल रिक्त पदों के सात गुने तक विचारण क्षेत्र बढ़ाया जा सकेगा तथा आरक्षित पदों की पूर्ति उपरोक्त उल्लिखित विचारण क्षेत्र के अधीन आरक्षित वर्ग के व्यक्तियों से की जा सकेगी। समिति, उक्त विचारण क्षेत्र में प्रत्येक प्रवर्ग के अधीन विद्यमान तथा 1 वर्ष के दौरान सेवानिवृत्ति तथा पदोन्नति के कारण प्रत्याशित रिक्तियों को भरने के लिए विचार करेगी।

(3) उप–नियम (2) के अधीन प्रत्याशित रिक्तियों के अतिरिक्त, पूर्वोक्त अवधि के दौरान होने वाली अप्रत्याशित रिक्तियों को भरने के लिये दो लोक सेवकों के या चयन सूची में सम्मिलित लोक सेवकों की संख्या के 25 प्रतिशत तक, जो भी अधिक हो उनके नाम सम्मिलित करने के उद्देश्य से प्रत्येक प्रवर्ग के लिये अपेक्षित संख्या में लोक सेवकों के नाम पर भी विचार किया जाएगा।

(4) पदोन्नति शासन द्वारा विहित आरक्षण रोस्टर के अनुसार की जाएगी।

(5) छत्तीसगढ़ लोक सेवा (पदोन्नति) नियम, 2003 के अन्य प्रावधान तथा सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा समय–समय पर जारी किये गये आदेश पदोन्नति के लिये लागू होंगे।

16. **उपयुक्त अभ्यर्थियों की सूची का तैयार किया जाना**.– (1) समिति, ऐसे व्यक्तियों की एक सूची तैयार करेगी, जो उपर्युक्त नियम 14 एवं 15 में विहित शर्तों को पूरी करते हों तथा जिन्हें समिति द्वारा सेवा में पदोन्नति के लिये उपयुक्त समझा गया हो। यह सूची, चयन सूची तैयार किये जाने की तारीख से एक वर्ष की कालावधि के दौरान सेवानिवृत्ति एवं पदोन्नति के कारण होने वाली प्रत्याशित रिक्तियों को भरने के लिये पर्याप्त होगी। इस आरक्षित सूची के अतिरिक्त, उक्त अवधि के दौरान होने वाली अप्रत्याशित रिक्तियों को भरने के लिये एक सूची तैयार की जायेगी, जिसमें प्रत्येक प्रवर्ग से 1 तथा अधिकतम 25 प्रतिशत तक नाम सम्मिलित होंगे।

(2) उपयुक्त अधिकारियों की सूची, छत्तीसगढ़ लोक सेवा (पदोन्नति) नियम, 2003 के प्रावधानों के अनुसार तैयार की जायेगी।

(3) इस प्रकार तैयार की गई सूची, प्रत्येक वर्ष पुनर्विलोकित तथा पुनरीक्षित की जायेगी।

(4) यदि चयन, पुनर्विलोकन या पुनरीक्षण की प्रक्रिया में, यह प्रस्तावित है कि सेवा के किसी सदस्य का, यथास्थिति अधिक्रमण किया जाए, तो समिति प्रस्तावित अधिक्रमण के लिये अपने कारणों को अभिलिखित करेगी।

17. **आयोग से परामर्श**.– (1) नियम 16 के अनुसार तैयार की गई सूची, निम्नलिखित दस्तावेजों के साथ आयोग को भेजी जायेगी :–

(एक) सूची में सम्मिलित सभी व्यक्तियों के अभिलेख।

(दो) अनुसूची–चार के कॉलम (2) में उल्लिखित समस्त ऐसे व्यक्तियों के अभिलेख, जो सूची में यथा अनुशंसित अधिक्रमण हेतु प्रस्तावित हैं।

(तीन) अनुसूची–चार के कॉलम (2) में यथा उल्लिखित सेवा के किसी सदस्य के प्रस्तावित अधिक्रमण के लिये समिति के लेखबद्ध कारण।

(चार) समिति की सिफारिशों पर शासन की टिप्पणियां।

(2) यदि पदोन्नति समिति में आयोग के अध्यक्ष अथवा अध्यक्ष/आयोग द्वारा नामांकित कोई सदस्य उपस्थित हों तथा यदि बैठक के कार्यवाही विवरण पर समिति के अध्यक्ष सहित सभी सदस्यों के हस्ताक्षर हों, तो उप–नियम (1) के अन्तर्गत उपर्युक्त कार्यवाही आवश्यक नहीं होगी तथा यह माना जाएगा कि संविधान के अनुच्छेद 320 के खण्ड (3) के उप–खण्ड (ख) के अन्तर्गत आयोग से परामर्श करने की अपेक्षा का अनुपालन कर लिया गया है तथा आयोग से पृथक से परामर्श करने की आवश्यकता नहीं है।

18. **चयन सूची**.–(1) आयोग, शासन से प्राप्त हुए अन्य दस्तावेजों के साथ–साथ समिति द्वारा तैयार की गई सूची पर विचार करेगा और यदि, इनमें कोई परिवर्तन आवश्यक न समझे, तो सूची को अनुमोदित करेगा।

(2) यदि आयोग सूची में कोई परिवर्तन करना आवश्यक समझे, तो आयोग अपनी राय, यदि कोई हो, से शासन को सूचित करेगा, किन्तु एक बार उस पर विचार कर लिया गया है, तो आयोग सूची को आवश्यक संशोधनों सहित, यदि कोई हो, जो उसे न्यायसंगत तथा युक्तियुक्त प्रतीत हो, अनुमोदित करेगा।

(3) आयोग द्वारा अंतिम रूप से अनुमोदित की गई चयन सूची, अनुसूची–चार के कॉलम (2) में उल्लिखित पदों से अनुसूची–चार के कॉलम (4) में यथा उल्लिखित सिविल सेवा के सदस्यों की पदोन्नति के लिए अनुमोदित चयन सूची होगी।

(4) सामान्यतः चयन सूची तब तक प्रचलन में रहेगी, जब तक कि यह नियम 16 के उप–नियम (3) के अनुसार पुनरीक्षित तथा पुनर्विलोकित नहीं कर दी जाती, तथापि सूची की विधिमान्यता इसके अंतिम होने की तारीख से 18 माह के लिये होगी, इसके पश्चात् कोई भी आगामी वृद्धि अनुज्ञात नहीं की जायेगी:

परन्तु चयन सूची में सम्मिलित किसी व्यक्ति की ओर से/कर्तव्य के निवर्हन अथवा पालन में गंभीर चूक होने की स्थिति में, शासन के अनुरोध पर, चयन सूची का विशेष रूप से पुनर्विलोकन किया जा सकेगा और यदि आयोग, उचित समझे, तो चयन सूची से ऐसे व्यक्ति का नाम हटा सकेगा।

19. **चयन सूची से सेवा में नियुक्ति.**– (1) चयन सूची में सम्मिलित अधिकारियों की सेवा संवर्ग के पदों पर नियुक्तियां उसी कम से की जाएंगी, जिस क्रम में ऐसे अधिकारियों के नाम चयन सूची में आये हों।

(2) साधारणतः उस व्यक्ति की, जिसका नाम सेवा की चयन सूची में सम्मिलित हो, नियुक्ति के पूर्व आयोग से परामर्श करना तब तक आवश्यक नहीं होगा जब तक कि चयन सूची में उसका नाम शामिल किए जाने तथा प्रस्तावित नियुक्ति की तारीख के बीच की कालावधि में उसके कार्य में ऐसी कोई गिरावट न आ जाए, जो शासन की राय में सेवा में नियुक्ति के लिये उसे अनुपयुक्त सिद्ध करती हो।

20. **परिवीक्षा.**– सेवा में सीधी भर्ती अथवा पदोन्नत किया गया प्रत्येक व्यक्ति, दो वर्षों की कालावधि के लिये परिवीक्षा पर नियुक्त किया जायेगा।

21. **निर्वचन.**– यदि इन नियमों के निर्वचन के संबंध में कोई प्रश्न उद्‌भूत हो, तो उसे राज्य शासन को निर्दिष्ट किया जाएगा, जिस पर उसका विनिश्चय अंतिम होगा।

22. **शिथिलीकरण.**– इन नियमों में दी गई किसी भी बात का यह अर्थ नहीं लगाया जायेगा, कि वह किसी ऐसे व्यक्ति के मामले में, जिस पर ये नियम लागू होते हैं, ऐसी रीति से कार्यवाही करने की राज्यपाल की शक्ति को, जो उसे न्यायसंगत एवं उचित प्रतीत हो, सीमित या कम करती है:

परंतु कोई मामला ऐसी रीति से नहीं निपटाया जाएगा जो इन नियमों में उपबंधित रीति की अपेक्षा उसके लिये कम अनुकूल हो।

23. **निरसन एवं व्यावृत्ति**.– (1) इन नियमों के तत्स्थानी और इन नियमों के प्रारंभ होने के ठीक पूर्व प्रवृत्त समस्त नियम, इन नियमों के अंतर्गत आने वाले विषयों के संबंध में एतद्द्वारा निरसित किये जाते हैं:

परंतु इस प्रकार निरसित नियमों के अधीन दिया गया कोई भी आदेश या की गई कार्रवाई, इन नियमों के तत्स्थानी उपबंधों के अधीन दिया गया आदेश या की गई कार्रवाई समझी जायेगी।

(2) इन नियमों में की कोई भी बात, अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों तथा अन्य पिछड़े वर्गों के लिये उपबंधित तथा राज्य शासन द्वारा समय–समय पर इस संबंध में जारी किये गये आदेशों के अनुसार आरक्षण को प्रभावित नहीं करेगी।

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
अमृता बेक, उप–सचिव.

अनुसूची – एक
(नियम–5 देखिए)

स.क.	सेवा में सम्मिलित पदों के नाम	पदों की संख्या	वर्गीकरण	वेतनमान	ग्रेड–पे
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)
1.	अतिरिक्त संचालक	01	प्रथम वर्ग	37400–67000	8700
2.	(अ) संयुक्त संचालक–02 (ब) संयुक्त संचालक (प्रशिक्षण)–03	05	प्रथम वर्ग	15600–39100	7600
3.	(अ) उप–संचालक (प्रशिक्षण)–02 (ब) प्राचार्य प्रथम वर्ग–06	08	प्रथम वर्ग	15600–39100	6600
4.	(अ) प्राचार्य द्वितीय वर्ग–37 (ब) प्लेसमेंट अधिकारी–05 (स) सहायक संचालक प्रशिक्षण (तकनीकी)–02	44	द्वितीय वर्ग	15600–39100	5400
5.	(अ) उप प्राचार्य –04 (ब) सहायक संचालक प्रशासन (गैर तकनीकी)–01	05	द्वितीय वर्ग	9300–34800	4400
6.	लेखा अधिकारी –01	01	द्वितीय वर्ग	15600–39100	5400

अनुसूची–दो
(नियम–6 देखिए)

भर्ती का तरीका

स. क.	सेवा का नाम	कर्तव्य पदों की कुल संख्या	भरे जाने वाले पदों का प्रतिशत		अन्य सेवाओं से स्थानांतरण/प्रतिनियुक्ति द्वारा (नियम 6 (1) (ग) देखिये)
			सीधी भर्ती/चयन द्वारा (नियम 6 (1) (क) देखिये)	सेवा के मूल/स्थानापन्न सदस्यों की पदोन्नति के द्वारा (नियम 6 (1) (ख) देखिये)	
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)
1	अतिरिक्त संचालक	01	—	100:	—
2	(अ) संयुक्त संचालक (ब) संयुक्त संचालक(प्रशिक्षण)	02 03	— —	100: 100:	
3	(अ) उप–संचालक (प्रशिक्षण) (ब) प्राचार्य प्रथम वर्ग	02 06	— 25:	100: 75:	
4	(अ) प्राचार्य द्वितीय वर्ग (ब) प्लेसमेंट अधिकारी (स) सहायक संचालक प्रशिक्षण (तकनीकी)	37 05 02	50: 50: 50:	50: 50: 50:	उन प्रशिक्षण अधीक्षक से भरे जायेंगे, जो इंजीनियरिंग शाखा में उपाधि/पत्रोपाधि (डिप्लोमा) धारक है एवं तीन वर्ष का अनुभव रखते हैं।
5	उप प्राचार्य	04	—	100:	—
6	सहायक संचालक प्रशासन (गैर तकनीकी)	01	—	100:	—
7	लेखा अधिकारी	01	—	—	कोष एवं लेखा संचालनालय छ.ग. (लेखा सेवा) से प्रतिनियुक्ति द्वारा

अनुसूची तीन
(नियम–8 देखिए)

सीधी भर्ती हेतु व्यक्ति की आयु तथा अर्हता

स. क्र.	पद का नाम	न्यूनतम आयु सीमा	अधिकतम आयु सीमा	शैक्षणिक अर्हता
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)
1	प्राचार्य प्रथम वर्ग	25 वर्ष	30 वर्ष	**अनिवार्य** किसी भी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से इंजीनियरिंग में उपाधि अथवा किसी भी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय या मण्डल (बोर्ड) से इंजीनियरिंग में पत्रोपाधि (डिप्लोमा)। **अनुभव** उपाधि धारकों के लिये 2 वर्ष, पत्रोपाधि धारकों के लिये 7 वर्ष का केन्द्र अथवा राज्य शासन द्वारा मान्यता प्राप्त संस्थान में कार्य करने/अध्यापन का अनुभव। **अधिमान** अध्यापन का अनुभव रखने वाले को अधिमान दिया जायेगा।
2	प्राचार्य द्वितीय वर्ग/प्लेसमेंट अधिकारी/ सहायक संचालक प्रशिक्षण(तकनीकी)	25 वर्ष	30 वर्ष	**अनिवार्य** किसी भी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से इंजीनियरिंग में उपाधि अथवा किसी भी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय या मण्डल (बोर्ड) से इंजीनियरिंग में पत्रोपाधि (डिप्लोमा)। **अनुभव** पत्रोपाधि धारकों के लिये केन्द्र अथवा राज्य शासन द्वारा मान्यता प्राप्त संस्थान में कार्य करने/अध्यापन का 5 वर्ष अनुभव। **अधिमान** अध्यापन का अनुभव रखने वाले को अधिमान दिया जायेगा।

टीप – छत्तीसगढ़ राज्य के स्थानीय निवासी अभ्यर्थियों के लिए, उच्चतर आयु सीमा समय–समय पर सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा जारी किए गए निर्देशों के अनुसार शिथिलनीय होगी ।

अनुसूची—चार

(नियम 13 एवं 14 देखिए)

स. क.	सेवा या पद का नाम जिससे पदोन्नति की जानी हो	पदोन्नति की पात्रता हेतु अनुभव की न्यूनतम कालावधि	सेवा या पद का नाम जिस पर पदोन्नति की जानी हैं	विभागीय पदोन्नति समिति के सदस्यों के नाम
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)
1.	संयुक्त संचालक / संयुक्त संचालक (प्रशिक्षण)	03 वर्ष	अतिरिक्त संचालक	1. अध्यक्ष, लोक सेवा आयोग या उनके द्वारा नाम निर्दिष्ट आयोग का कोई सदस्य— अध्यक्ष 2. अपर मुख्य सचिव / प्रमुख सचिव / सचिव — सदस्य 3. आयुक्त / संचालक आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास, छ.ग. — सदस्य 4. संचालक, रोजगार एवं प्रशिक्षण छत्तीसगढ़— सदस्य
2.	उप—संचालक (प्रशिक्षण) / प्राचार्य प्रथम—वर्ग	03 वर्ष	संयुक्त संचालक / संयुक्त संचालक (प्रशिक्षण)	1. अध्यक्ष, लोक सेवा आयोग या उनके द्वारा नाम निर्दिष्ट आयोग का कोई सदस्य— अध्यक्ष 2. अपर मुख्य सचिव / प्रमुख सचिव / सचिव — सदस्य 3. आयुक्त / संचालक आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास, छ.ग. — सदस्य 4. संचालक, रोजगार एवं प्रशिक्षण छत्तीसगढ़— सदस्य
3.	प्राचार्य द्वितीय वर्ग / प्लेसमेंट अधिकारी / सहायक संचालक (प्रशिक्षण तकनीकी)	03 वर्ष	उप—संचालक (प्रशिक्षण) / प्राचार्य प्रथम वर्ग	1. अध्यक्ष, लोक सेवा आयोग या उनके द्वारा नाम निर्दिष्ट आयोग का कोई सदस्य— अध्यक्ष 2. अपर मुख्य सचिव / प्रमुख सचिव / सचिव — सदस्य 3. आयुक्त / संचालक आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास, छ.ग. — सदस्य 4. संचालक, रोजगार एवं प्रशिक्षण छत्तीसगढ़— सदस्य
4.	उप प्राचार्य	—	प्राचार्य द्वितीय—वर्ग	1. अध्यक्ष, लोक सेवा आयोग या उनके द्वारा नाम निर्दिष्ट आयोग का कोई सदस्य— अध्यक्ष 2. अपर मुख्य सचिव / प्रमुख सचिव / सचिव — सदस्य

				3. आयुक्त/संचालक आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास, छ.ग. – सदस्य 4. संचालक, रोजगार एवं प्रशिक्षण छत्तीसगढ़– सदस्य
5.	प्रशिक्षण अधीक्षक/तकनीकी सहायक	03 वर्ष	प्राचार्य द्वितीय वर्ग/प्लेसमेंट अधिकारी/सहायक संचालक प्रशिक्षण (तकनीकी)	1. अध्यक्ष, लोक सेवा आयोग या उनके द्वारा नाम निर्दिष्ट आयोग का कोई सदस्य– अध्यक्ष 2. अपर मुख्य सचिव/ प्रमुख सचिव/सचिव – सदस्य 3. आयुक्त/संचालक आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास, छ0ग0 – सदस्य 4. संचालक, रोजगार एवं प्रशिक्षण छत्तीसगढ़– सदस्य
6.	प्रशिक्षण अधीक्षक/तकनीकी सहायक	10 वर्ष	उप प्राचार्य	1. अध्यक्ष, लोक सेवा आयोग या उनके द्वारा नाम निर्दिष्ट आयोग का कोई सदस्य– अध्यक्ष 2. अपर मुख्य सचिव/ प्रमुख सचिव/सचिव – सदस्य 3. आयुक्त/संचालक आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास, छ0ग0 – सदस्य 4. संचालक, रोजगार एवं प्रशिक्षण छत्तीसगढ़– सदस्य
7.	अधीक्षक, संचालनालय	03 वर्ष	सहायक संचालक प्रशासन (गैर–तकनीकी)	1. अध्यक्ष, लोक सेवा आयोग या उनके द्वारा नाम निर्दिष्ट आयोग का कोई सदस्य– अध्यक्ष 2. अपर मुख्य सचिव/ प्रमुख सचिव/सचिव – सदस्य 3. आयुक्त/संचालक आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास, छ0ग0 – सदस्य 4. संचालक, रोजगार एवं प्रशिक्षण छत्तीसगढ़– सदस्य

टीपः– 1. वे उप प्राचार्य, जिन्होंने पदोन्नति के पश्चात् अनुसूची–तीन के कालम (5) में यथा उल्लिखित विनिर्दिष्ट तकनीकी अर्हता अर्जित कर ली हो या जो प्राचार्य द्वितीय–वर्ग के पद हेतु विनिर्दिष्ट तकनीकी अर्हता रखते हो किंतु रिक्तियॉ न होने के कारण जिनका पदोन्नति के लिये विचार न किया गया हो, अपनी वरिष्ठता के अनुसार प्राचार्य द्वितीय–वर्ग के पद पर पदोन्नति के लिये पात्र होंगे ।

2. वे प्रशिक्षण अधीक्षक/तकनीकी सहायक, जो अनुसुची–तीन के कॉलम (5) में उल्लिखित शैक्षणिक अर्हता रखते है, उन्हें उनकी वरिष्ठता के अनुसार प्राचार्य द्वितीय–वर्ग के पद पर पदोन्नत किया जायेगा।

3. वे प्रशिक्षण अधीक्षक/तकनीकी सहायके, जो इंजीनियरिंग डिग्री/डिप्लोमा की अर्हता नहीं रखते हों, वे उनकी वरिष्ठता के अनुसार उप–प्राचार्य के पद पर पदोन्नत किये जायेंगे।

New Raipur, the 21st March 2013

No. F 1-74/2011/MPP/42.—In exercise of the powers conferred by the proviso to Article 309 of the Constitution of India, the Governor of Chhattisgarh, hereby, makes the following rules relating to the recruitment in the Chhattisgarh Industrial Training (Gazetted) Services, namely:-

RULES

1. **Short title and commencement.-** (1) These rules may be called the Chhattisgarh Industrial Training (Gazetted) Service (Recruitment and Conditions of Service) Rules, 2013.
   (2) These rule shall come into force with effect from the date of their publication in the Official Gazette.

2. **Definitions.** - In these rules, unless the context otherwise requires,-
   (a) "Appointing Authority" in respect of the service means Government of Chhattisgarh;
   (b) "Commission" means the Chhattisgarh Public Service Commission;
   (c) "Committee" means Departmental Promotion Committee as specified in Schedule-IV;
   (d) "Director" means Director, Directorate, Employment and Training Chhattisgarh;
   (e) "Examination" means competitive examination held for recruitment under rule 11 of these rules;
   (f) "Government" means the Government of Chhattisgarh;
   (g) "Governor" means the Governor of Chhattisgarh;
   (h) "Other Backward Classes" means the Other Backward Classes of citizens as specified by the State Government, as amended from time to time vide notification no. F-8-5-XXV-4-84, dated the 26th December, 1984;
   (i) "Schedule" means the Schedule appended to these rules;
   (j) "Scheduled Castes" means the Scheduled Castes specified in relation to this state under Article 341 of the Constitution of India;
   (k) "Scheduled Tribes" means the Scheduled Tribes specified in relation to this state under Article 342 of the Constitution of India;
   (l) "Service" means Chhattisgarh Industrial Training (Gazetted) Service;
   (m) "State" means the State of Chhattisgarh.

3. **Scope and application.-** Without prejudice to the generality of the provisions contained in the Chhattisgarh Civil Services (General Conditions of Service) Rules, 1961, these rules shall apply to every member of the Service.

4. **Constitution of the service.-** The service shall consist of the following persons, namely:-
   (1) Persons, who at the time of commencement of these rules are holding substantively the posts specified in Schedule-I;
   (2) Persons, recruited to the service before the commencement of these rules; and
   (3) Persons, recruited to the service in accordance with the provisions of these rules.

5. **Classification, scale of pay etc.-** The classification of the service, the number of posts included in the service and the scale of pay attached thereto shall be in accordance with the provisions contained in Schedule-1:

Provided that the Government may, from time to time, add to or reduce the number of posts included in the service, either on a permanent or temporary basis.

6. **Method of recruitment.-** (1) Recruitment to the service, after the Commencement of these rules, shall be made by the following methods, namely:-

(a) by direct recruitment or by selection (Competitive Examination/ Interview);

(b) by promotion of members of the service as specified in Schedule-IV;

(c) by transfer of persons, who hold in a substantive capacity such posts in such services, as may be specified in this behalf.

(2) The number of the persons recruited under clause (a), (b) or (c) of sub- rule (1) shall not at any time exceed the percentage shown in Schedule-II of the number of the duty posts as specified in Schedule-I.

(3) Subject to the provisions of these rules, the method or methods for recruitment to be adopted for the purpose of filling any particular vacancy or vacancies in the service, as may be required to be filled during any particular period of recruitment and the number of persons to be recruited by such methods, shall be determined on each occasion by the Government in consultation with the Commission.

(4) Notwithstanding anything contained in sub-rule (1), if in the opinion of the Government the exigencies of the service so require, the Government may after consultation with Commission adopt such methods of recruitment to the service other than those specified in the said sub-rule, as it may, by order issued in this behalf, prescribe.

(5) At the time of recruitment to the service the provisions of the Chhattisgarh Lok Seva (Anusuchit Jatiyon, Anusuchit Jan Jatiyon Aur Anya Pichhade Vargon Ke Liye Arakshan) Adhiniyam, 1994 (No.21 of 1994) and instructions (as amended) issued from time to time under this Act by the General Administration Department of the Government shall apply.

7. **Appointment in the service.-** All appointments to the service after commencement of these rules, shall be made by the Appointing Authority and no such appointments shall be made except after selection by one of the methods of recruitment specified in rule 6.

8. **Conditions of eligibility for direct recruitment.-** In order to be eligible for selection, a candidate must satisfy the following conditions, namely:-

(I) **Age-** (a) He must have attained the age specified in column (3) of Schedule-III and not have attained the age as specified in column (4) of the said Schedule on the first day of January, next following the date of issue of advertisement.

(b) The upper age limit shall be relaxable upto a maximum of 5 years if a candidate belongs to Scheduled Castes, Scheduled Tribes and Other Backward Classes (Non-creamy-layer).

(c) For women candidates the upper age limit shall be relaxable upto 10 years as per provisions of the Chhattisgarh Civil Services (Special Provision for Appointment of Women) Rules, 1997.

(d) The upper age limit shall be relaxable in respect of candidates who are or have been employees of the Government of Chhattisgarh to the extent and subject to the conditions specified below:-

(i) A candidate, who is a permanent or temporary Government servant should not be more than 38 years of age;

(ii) A candidate holding a post temporarily and applying for any other post should not be more than 38 years of age. This concession shall also be admissible to the contingency paid employees, work charged employees and employees working in the Project Implementing Committee;

(iii) A candidate, who is "retrenched Government servant" shall be allowed to deduct from his age the period of all temporary service previously rendered by him up to a maximum limit of 7 years even if it represents more than one spell provided that the resultant age does not exceed the upper age limit by more than 3 years;

Explanation- The term "retrenched Government servant" denotes a person who was in temporary Government service of this State or of any of the constituent units, for a continuous period of not less than 6 months and who was discharged because of reduction in establishment not more than 3 years prior to the date of his registration at any employment exchange or of application made otherwise for employment in the Government service.

